19|05|2026 पत्रावली पेश। अधिवक्ता अपीलार्थी एवं अधि. रेस्पो. नं 1,2 उपस्थित। अधि. रेस्पो. द्वारा आग्रह किया की जिस आदेश के विरुद्ध हस्तगत अपील पेश हुई है, उस आदेश के विरुद्ध न्यायालय हाजा में अपील संधारणीय नहीं है अतः हस्तगत अपील चलने योग्य नहीं होने से खारिज की जावे। अधिवक्ता अपीलांट द्वारा विरोध दर्ज करवाते हुए अपील पर न्यायालय हाजा में ही सुनवाई का आग्रह किया गया।

अधिवक्तागण की बहस पर मनन किया गया। अपीलाधीन आदेश दिनांक 27|11|2024 का अवलोकन किया गया। उक्त आदेश में अप्रार्थीगण के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी है जिसकी अपील न्यायालय हाजा में संधारणीय नहीं होने से इसी स्तर पर खारिज की जाती है। साथ ही अपीलांट सक्षम न्यायालय में कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। पत्रा. फैसल शुमार की जाकर नंबर से कम की जाकर अभिलेख प्रेषित हो।

राजस्व अपील प्राधिकारी
जोधपुर

फर्द अहकाम

## न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, जोधपुर

मदनलाल

बनाम

अचलाराम इत्यादि

किस्म मुकदमा 225 आर.टी.एक्ट. नं. 76 सन् 2026

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10.03.2026 | पत्रावली बाद जाच होकर पेश हुई। अपील राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 225 के तहत अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलक्टर एंवं उपखण्ड अधिकारी औसियां द्वारा राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 18/2024 बअनवान अचलाराम वगैरा बनाम प्रेमराज इत्यादि में पारित आदेश दिनांक 27.11.2024 के विरूद्ध पेश हुई। अपीलांट्स के अधिवक्ता श्री कमलेश भाटी उपस्थित। अपील नियमानुसार म्याद के बिंदु को सुरक्षित रखते हुए दर्ज रजिस्टर हो। रेस्पोडेंट के सम्मन जारी हो अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली तलब कर पत्रावली आईंदा दिनांक 08.04.2026 को पेश हो। [signature] | टेली. 843 10/3/26<br>नोटिस 871 12/3/26 |
| 8/4/26 | पत्रा. पेश। आज अपीलांट उप.। रेस्पो. 6, 1, 2 की ओर से श्री मुकेश कुमार त्रिवेदी ने वकालतनामा पेश किया। पत्रा. दिनांक 24/4/26 को पेश हो। [signature] | |
| 24/4/26 | वकील अपीलांट/रेस्पोडेंट/उभय पक्ष उपस्थित<br>पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 8/5/2026 को पेश हो।<br>[signature]<br>राजस्व अपील प्राधिकारी<br>जोधपुर | |
| 8/5/26 | वकील उपस्थित। L.C. की पत्रा. प्राप्त हो चुकी है। पत्रा. शेष सम्मन तामील के लिए दिनांक 14/05/2026 को पेश हो। [signature] | SR<br>S.D.O. औसियां की पत्रावली से. 4 18/24 प्राप्त हो गई है।<br>[signature]<br>8/5/26 |
| 14/5/26 | पत्रावली ... पीठासीन ... में ... 19/5/26 को पेश हो। | |

[signature]

रीडर

राजस्व अपील प्राधिकारी

जोधपुर